हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 22 जनवरी 2026

06 चाचौड़ा एसडीएम ने ग्राम लामाखेड़ा में शैक्षणिक...




09 अशोकनगर जिला जेल के कैदी कर रहे हैं जैविक खेती का उत्पादन






## समाचार संक्षेप

### भाजपा में नेतृत्व के लिए मार्ग निष्ठा, परिश्रम त्याग और समर्पण से मिलता है: सिकरवार



**गुना** । भारतीय जनता पार्टी के बजरंगगढ़ मंडल की नवनियुक्त कार्यकारिणी के अभिनंदन समारोह ग्राम सेमरी में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार,जिला महामंत्री संतोष धाकड़ ,जिला मीडिया प्रभारी अंकुर श्रीवास्तव एवं मंडल अध्यक्ष मुनेश धाकड़ उपस्थित रहे ।इस अवसर पर ज़िलाध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों को माल्यार्पण कर बधाई एवं शुभकामनाएँ दी और उन्हें सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा में नेतृत्व का मार्ग निष्ठा, परिश्रम, त्याग और वैचारिक प्रतिबद्धता से होकर गुजरता है। भाजपा यह स्पष्ट करती है कि भाजपा केवल चुनाव जीतने वाली पार्टी नहीं, बल्कि कार्यकर्ता-आधारित वैचारिक आंदोलन है, जहां हर कार्यकर्ता की भूमिका सम्मानित है और उसकी क्षमता के अनुरूप उसे आगे बढ़ने का अवसर मिलता है।अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक मात्र ऐसी पार्टी है जिसमे पार्टी से बड़ा कोई नही होता है , प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने भी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन जी के पदभार ग्रहण करने के अवसर पर साफ-साफ कहा कि सबसे बड़ी मेरे जीवन मे यदि कोई चीज है तो वह कि मैं भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता हूं और नितिन नबीन मेरे बोस है।प्रधानमंत्री मोदी जी के इस ऐतिहासिक बयान ने जता दिया कि भाजपा कार्यकर्ताओ की पार्टी है जो लोकतांत्रिक तरीके से चलती है व पार्टी में परिवारवाद का दूर-दूर तक कोई नामोनिशान नही है, जबकि इसके उलट अन्य राजनीति पार्टियों में परिवारवाद अपने चरम पर है।इस अवसर पर सरपंच संजीव धाकड़ सहित भारतीय जनता पार्टी के बजरंगगढ़ मंडल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक चैंपियनशिप बैंकॉक थाईलैंड में ललित ने जीते सिल्वर मेडल एवं ब्रांउज मेडल




**गुना** । थाईलैंड ओपन मास्टर्स एथलेटिक चैंपियनशिप 2026 में जो कि दिनांक 9 जनवरी से 11 जनवरी 2026 तक बैंकाक थाईलैंड में आयोजित हुई। इस ओपन चैंपियनशिप एथलेटिक्स मीट में लगभग 10 देश के खिलाड़ियों ने सहभागिता की। इन देशों में सिंगापुर,भारत, नेपाल,थाईलैंड, इंडोनेशिया,मलेशिया, ईरान,वर्मा एवं जापान,अमेरिका के एथलेटिक्स खिलाड़ी शामिल हुए थे। इस अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप में समस्त दौड़, कूद एवं फेंक प्रतियोगिताएँ आयोजित हुईं। लगभग 36 एथलेटिक्स इवेंट्स में विभिन्न देशों के खिलाड़ियों ने प्रतिनिधित्व किया। ज्ञात हो कि भारतीय दल में विभिन्न राज्यों से 30 एथलीटों ने हिस्सा लिया, यह भारतीय दल भारत से 07 जनवरी को दिल्ली से बैंकॉक थाईलैंड पहुँचा।

### कॉलेज के आगे से गुमटी का अतिक्रमण हटाया

**गुना**। स्नातक महाविद्यालय कुंभराज के सामने रखी अवैध गुमटी को नगर पालिका द्वारा बुधवार को जेसीबी की मदद से हटाया गया । दरअसल कॉलेज प्राचार्य द्वारा इस संबंध में एसडीएम को लिखित शिकायत की गई थी कि किसी व्यक्ति द्वारा महाविद्यालय के सामने अवैध रूप से घूमटी रखकर अतिक्रमण किया जा रहा है। जिस पर एसडीएम द्वारा नगर पालिका अधिकारी को गुमटी हटाने हेतु निर्देशित किया गया था। बुधवार को नगर पालिका अधिकारी कुंभराज द्वारा शासकीय महाविद्यालय कुंभराज के सामने रखी गुमटी को तत्काल प्रभाव से हटाया गया। दरअसल गुमटी रखे होने से मेन रोड पर ब्लैक स्पॉट निर्मित हो गया था। जिसके कारण हादसे से की आशंका बनी रहती थी एवं अवैध अतिक्रमण हटाकर कारवाही की गई है।



### शामावि चुरैला में बच्चों के लिए किए कबड्डी व रस्साकसी, लंबी कूद आदि खेलों का आयोजन

**गुना**। ग्राम पंचायत चुरैला में 20 जनवरी को शासकीय माध्यमिक विद्यालय चुरैला में बच्चों को कबड्डी रस्साकसी लंबी कूद आदि खेलो का आयोजन किया गया । आनंद उत्सव के अंतर्गत उक्त कार्यक्रम किया गया। जिसमें उपस्थित सरपंच शिवशंकर मीना , सचिव दीपचंद लोधी ग्राम रोजगार सहायक पवन मीना प्रधान अध्यापक राजकुमार किरार, शिक्षक बालकिशन मीना, रोहित मीना शिक्षिका ,जामवंती किरार मनोज अहिरवार एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे आनंद उत्सव में सचिव महोदय द्वारा खेलो के महत्व के बारे में बच्चों को जानकारी प्रदान की गई।



---

**मनोरंजन के साथ शिक्षाप्रद नाटकों की दी गईं प्रस्तुतियां**

## शहर के सरस्वती शिशु मंदिर के 'नन्हे सितारे' में बच्चों की प्रतिभा ने मोहामन

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर के सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में 'नन्हे सितारे' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा के अनोखे रंग बिखेरकर उपस्थित जनों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में स्कूली छात्र–छात्राओं के साथ-साथ उनके अभिभावक भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। शिक्षक-शिक्षिकाओं की कड़ी मेहनत और मार्गदर्शन में तैयार बच्चों की प्रस्तुतियों को खूब सराहना मिली।कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन से हुई। इसके पश्चात सरस्वती वंदना, अतिथि परिचय एवं अतिथि स्वागत किया गया। कार्यक्रम की भूमिका के बाद बच्चों ने सरस्वती वंदना नृत्य और गणेश वंदना प्रस्तुत की।इसके बाद मंच पर 'एक ज़िंदगी मेरी, रोली-पोली गीत, विविध रूप सज्जा, हनुमान चालीसा, रंगों का दरबार, पंच परिवर्तन नाटक और दुर्गा स्तुति नृत्य की मनोहारी प्रस्तुतियाँ हुईं। मुख्य वक्ता का संबोधन हुआ, जिसके बाद सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का सिलसिला पुनः आरंभ हुआ। बच्चों ने 'सुनो गौर से दुनिया वालों', 'दिल है छोटा सा', 'ऐसी लागी लगन', 'श्याम रंगभुवरो' गीतों पर शानदार नृत्य प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का आकर्षण रामायण जी पर आधारित नाटक रहा, जिसने उपस्थित जनों को भावविभोर कर दिया।

अंत में आभार प्रदर्शन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। आयोजन को उपस्थित जनसमूह ने जमकर सराहा और बच्चों की प्रतिभा की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।






---

### सड़क सुरक्षा को लेकर गुना पुलिस का प्रेरणादायक अभियान

## हेलमेट ही सुरक्षा: दोपहिया वाहन चालकों को सर्तक करने के लिए जागरुकता रैली निकाली

**पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को किया रवाना, शहर के मुख्य मार्गो से गुजरी**






हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

दोपहिया वाहन दुर्घटनाओं में होने वाली अधिकांश मौतों का प्रमुख कारण सिर में गंभीर चोट है, जिसे केवल हेलमेट पहनकर काफी हद तक टाला जा सकता है। हेलमेट न केवल कानून का पालन है, बल्कि यह जीवन की रक्षा का सबसे सशक्त साधन भी है। इसी मूल संदेश को आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के सशक्त एवं संवेदनशील नेतृत्व में गुना पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर एक प्रेरणादायी पहल की गई।

**उद्देश्य:** सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण, सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं जन-जीवन की रक्षा के उद्देश्य से मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा 1 जनवरी से 31 जनवरी तक "सड़क सुरक्षा – जीवन रक्षा" थीम के अंतर्गत राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह–2026 का व्यापक स्तर पर आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गुना पुलिस द्वारा लगातार जन-जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं।

अभियान के तहत दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट के अनिवार्य उपयोग के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 21 जनवरी को शहर में भव्य हेलमेट जन-जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

**यह रहा रूट :** रैली को दोपहर 12.00 बजे पुलिस अधीक्षक कार्यालय से पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।रैली पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्रारंभ होकर जेल रोड, अंबेडकर चौराहा, हनुमान चौराहा, तेलघानी, जयस्तंभ चौराहा, जज्जी बस स्टैंड, कस्तूरी गार्डन होते हुए पुनः जज्जी बस स्टैंड, लक्ष्मीगंज, सुगन चौराहा, सदर बाजार, हाट रोड, शांति पब्लिक स्कूल रोड से गुजरते हुए अंबेडकर चौराहा स्थित यातायात थाना पहुंचकर संपन्न हुई।

**रैली की विशेषताएँ:** रैली के दौरान यातायात जागरूकता रथ पर लगे लाउडस्पीकर के माध्यम से आमजन को यातायात नियमों के पालन, हेलमेट पहनने की अनिवार्यता, तेज गति एवं लापरवाही से वाहन चलाने के दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी गई। वहीं रैली में शामिल पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों ने हाथों में तख्तियां लेकर "हेलमेट पहनें—जीवन बचाएं", "नियमों का पालन करें—सुरक्षित रहें" जैसे संदेशों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया।

**पुलिस का संदेश:** इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सक्रिय सहभागिता रही, जिन्होंने आम नागरिकों से सीधा संवाद स्थापित कर सुरक्षित यातायात के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने का प्रयास किया।

गुना पुलिस ने आमजन से अपील की है कि वे यातायात नियमों का सदैव पालन करें, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें और अपनी तथा अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करें। याद रखें—एक छोटा सा हेलमेट, किसी की पूरी जिंदगी बचा सकता है।

---



## अशोकनगर, दतिया एवं शिवपुरी के खिलाड़ियों ने दिखाई अपनी दावेदारी

**जिला स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स की जूडो एवं बॉक्सिंग खेल की प्रतियोगिता में**

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

खेलो एमपी यूथ गेम्स अंतर्गत जिला स्तरीय प्रतियोगिता के दूसरे दिन उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 2 के नोडल खेल केन्द्र पर विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सहायक संचालक शिक्षा विभाग प्रेरणा गुप्ता, प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय एचएन जाटव, एपीसी एसके शिवहरे, क्रीडा अधिकारी देवेन्द्र पटेरिया रहे।मुख्य अतिथियों द्वारा खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर मैच प्रारंभ कराये गये जिसमें शिवपुरी, दतिया एवं अशोकनगर जिले के खिलाडियों ने बॉक्सिंग, कुश्ती एवं जूडो खेलों में भाग लिया।

इसके अतिरिक्त लगोरी, कबडडी, खो-खो, हॉकी, बास्केटवॉल की खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन भी विभिन्न खेल मैदानों पर किया गया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विकासखंड गुना, बमौरी, राधौगढ, चांचौडा एवं आरोन के लगभग 600 खिलाडियों ने भागीदारी जिला स्तर पर चयनित खिलाडी संभाग एवं राज्य स्तर पर भागीदारी करेगें।

## अवैध मदिरा के खिलाफ आबकारी और पुलिस ने की संयुक्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिला गुना में अवैध मदिरा और जहरीली शराब के खिलाफ आबकारी और पुलिस विभाग ने एक बड़ी कार्यवाही की। इस कार्रवाई में लगभग 16 लाख रुपये मूल्य की लाहन और मदिरा जब्त की गई।श्रीमान कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल और पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत, आबकारी वृत्त गुना-1 के प्रभारी राधाकिशन अटारिया , धरनावदा थाना प्रभारी प्रभात कटारे और झागर चौकी प्रभारी अनिल कदम ने ग्राम मुरादपुर में दबिश दी।मौके पर अफरा-तफरी मच गई जब पारदियों के डेरों में चलती भट्टी और लाहन पाया गया। नाले में लोहे और प्लास्टिक की बड़ी टंकियों में लगभग 15,000 किग्रा गुड़ लाहन दबा हुआ था। मौके पर 205 लीटर हाथ भट्टी मदिरा भी जब्त की गई।आरोपियों में महिला बुखारा पत्नी धर्मराज पारदी, राखी पत्नी जोनू पारदी और कावेरी पारदी शामिल हैं। इनके खिलाफ मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(2), 49(a), 34i(a) और 34i(f) के तहत 6 प्रकरण पंजीकृत किए गए हैं।इस कार्रवाई में आबकारी आरक्षक गोविंद मीणा और महिला आरक्षक टीना वर्मा की भूमिका सराहनीय रही। श्रीमान कलेक्टर के आदेश पर ऐसी कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।आबकारी विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई से गुना जिले में अवैध मदिरा के खिलाफ सख्ती और प्रभावी कदम उठाने का संदेश गया है।



---

## आरोन थानांतर्गत ग्राम देहरी खुर्द में प्राणघातक मारपीट के गंभीर प्रकरण में पुलिस की त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही ,मात्र दो दिवस में दोनों आरोपी गिरफ्तार कर जेल पहुंचाए

**आरोन**। थाना पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम देहरी खुर्द में घटित एक गंभीर मारपीट एवं चाकूबाजी के प्रकरण में तत्परता से कार्यवाही करते हुए मात्र दो दिवस में ही दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल पहुंचा दिया है । उल्लेखनीय है कि दिनांक 18 जनवरी 2026 को फरियादी राजकुमार प्रजापति पुत्र बबलू प्रजापति उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम देहरीखुर्द द्वारा आरोन थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि दिनांक 18 जनवरी 2026 की रात्रि में पैसों के मामूली लेन-देन को लेकर बिट्टू केवट एवं राधेश्याम केवट निवासीगण ग्राम देहरी खुर्द द्वारा फरियादी एवं उसके पिता के साथ विवाद किया गया । विवाद के दौरान आरोपियों ने फरियादी व उसके पिता को अश्लील, आपत्तिजनक एवं अमर्यादित गालियां दीं तथा जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला कर दिया, जिसमें पिता बबलू प्रजापति (उम्र 47 वर्ष) के पेट में गंभीर चोट आई । घायल पिता को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है । इस घटना पर से आरोपीगण के विरुद्ध आरोन थाने में अप.क्र. 21/26 धारा 109(1), 296(बी), 115(2), 351(3), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई । घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी द्वारा तुरंत संज्ञान लेते हुए आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के स्पष्ट निर्देश दिए गए । निर्देशों के पालन में आरोन थाना पुलिस द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू की गई और हेतु अपना मुखबिर तंत्र सुदृढ़ कर जिनकी तलाश में सघन दविशें दी गईं । जिसके फलस्वरूप गत दिनांक 21 जनवरी 2026 को आरोपियों के संबंध में मुखबिर से प्राप्त पुख्ता सूचना पर आरोन थाना पुलिस द्वारा तत्पर और प्रभावी कार्यवाही करते हुए दोनों आरोपियों 1- राधेश्याम केवट पुत्र सूखा केवट उम्र 23 साल एवं 2-बिट्टू केवट पुत्र ओरन सिंह केवट उम्र 25 साल निवासीगण ग्राम देहरीखुर्द थाना आरोन जिला गुना को गिरफ्तार कर लिया गया एवं आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया पूर्ण कर आरोपियों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया ।



---

### श्री राधा माधव सेवा समिति के द्वारा आयोजित भागवत कथा के तत्वावधान में छठवें दिवस

## महारास में गोपी वन पहुंचे भोलेनाथ और बने गोपीनाथ


हरिभूमि न्यूज ⏭आरोनप

श्री राधा माधव सेवा समिति द्वारा आयोजित भागवत कथा के तत्वावधान षष्ठम दिवस में श्री राम मैरिज गार्डन में चल रही श्रीमद् भागवत कथा वाचक पंडित श्री रामदयाल शास्त्री जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। कथा स्थल पर उपस्थित श्रद्धालु भक्ति भाव में लीन नजर आए।

पंडित रामदयाल शास्त्री जी ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने महाराज कामदेव के अहंकार को परास्त करने हेतु अपनी योगमाया का प्रयोग कर महारस किया।इसके पश्चात भगवान वृंदावन से मथुरा पहुंचे, जहां उन्होंने अत्याचारी कंस का वध कर धर्म की स्थापना की।

कथा में आगे बताया गया कि गुरु परंपरा का पालन करते हुए भगवान श्रीकृष्ण उज्जैन स्थित संदीपन ऋषि के आश्रम पहुंचे और वहां वेद–शास्त्रों का अध्ययन किया। शिक्षा पूर्ण कर लौटने के बाद भगवान ने अपने परम मित्र उद्धव को वृंदावन भेजा, जहां उद्धव–गोपी संवाद का अत्यंत मार्मिक वर्णन किया गया।कथावाचक ने बताया कि मगध नरेश जरासंध सहित अनेक राजाओं ने 17 बार आक्रमण किया, किंतु प्रत्येक बार भगवान श्रीकृष्ण ने उन्हें परास्त किया। तत्पश्चात भगवान ने द्वारका नगरी बसाई और वहीं माता रुक्मणी के साथ भगवान श्रीकृष्ण का विवाह विधि-विधान एवं जयकारों के साथ संपन्न हुआ।

कथा के मध्य श्री राधा माधव सेवा समिति द्वारा श्रद्धालुओं को प्रसाद स्वरूप भोजपत्र पर निर्मित एवं विधिवत सिद्ध किया हुआ श्री यंत्र तथा पवित्र रुद्राक्ष वितरित किए गए।समिति पदाधिकारियों ने जानकारी दी कि श्रीमद् भागवत कथा का समापन 22 जनवरी को विधिवत रूप से किया जाएगा, साथ ही विशाल प्रसाद वितरण भी होगा।



### कथा व्यास शास्त्री का किया गया सम्मान



**आरोन** । नगर में विगत16 जनवरी से चल रही संगीत मय भागवत कथा के षष्ठम दिन सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष विष्णु प्रसाद दुबे की अध्यक्षता में एवं उपस्थिति में ब्राह्मण समाज के वरिष्ठों एवं गणमान्य समाज जनों द्वारा श्री रामदयाल शास्त्री कथा व्यास का एवं भागवत जी का विधि विधान एवं मंत्रोचार के साथ पूजन अर्चन कर शास्त्री जी का शाल-- श्रीफल फूल माला के साथ सम्मान किया गयाऔर शास्त्री जी से आशीर्वाद प्राप्त किया गया ।इस मौके पर उपस्थित रहे चंद्र मोहन शर्मा 'शिवदयाल भार्गव 'राम भरोसाशर्मा 'शक्ति शर्मा 'भगवान लाल शर्मा रामनिवास शर्मा सूर्य प्रकाश शर्मा'जगदीश प्रसाद दुबे अजय दुबे बृजमोहन शर्मा आदि उपस्थित रहे ।

## समाचार संक्षेप

### चाचौड़ा स्नातक महाविद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत नवीन मतदाताओं से चर्चा

**चांचौड़ा।** शासकीय महाविद्यालय चाचौड़ा में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत एक कार्यशाला रजिस्ट्रीकरण अधिकारी चाचौड़ा रवि मालवीय एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं तहसीलदार मयंक ख़ेमरिया द्वारा आयोजित की गई जिसमें उपस्थित लगभग 200 छात्र-छात्राओं को



चुनाव आयोग द्वारा विशेष पुनरीक्षण महाअभियान की गतिविधियों से अवगत कराया गया एवं नवीन मतदाताओं के नाम जोड़ने संबंधी फॉर्म भरवाये गए ।कॉलेज प्रशासन की ओर से समस्त बच्चों के फार्म ०६ भरकर प्राप्त किए गए, जिन्हें पूर्ण कर शीघ्र नवीन मतदाताओं के रूप में नाम जोड़े जाएंगे।

### बीनागंज में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर सम्पन्न 351 मरीजों का पंजीयन

**बीनागंज ।** श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के तत्वावधान में दिनांक 21 जनवरी को बीनागंज में आयोजित निःशुल्क नेत्र जाँच शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। शिविर में बीनागंज सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में नागरिकों ने पहुँचकर नेत्र जाँच एवं विशेषज्ञ परामर्श का लाभ लिया।शिविर के दौरान कुल 351 मरीजों का पंजीयन किया गया, जिनमें से 79 मरीजों को ऑपरेशन हेतु सद्गुरु हॉस्पिटल रेफर किया गया। वहीं 65 मरीजों को निःशुल्क दवाइयाँ वितरित की गईं तथा शेष मरीजों को आवश्यक चिकित्सकीय



परामर्श प्रदान किया गया।इस जनसेवा कार्य में सद्गुरु हॉस्पिटल से पधारे डॉ. अनिल पटेल का विशेष योगदान रहा। उनके साथ नेत्र सहायक डॉक्टर सोनू शर्मा (बीनागंज) एवं उनकी टीम द्वारा कुशलतापूर्वक नेत्र परीक्षण किया गया।शिविर के सफल संचालन में रणवीर बघेल, लखन कुशवाहा, मिलन बघेल एवं मोहन जादौन का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में व्यवस्थापक विजय सिंह रघुवंशी की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही क्षेत्र के मुकेश साहू (पूर्व पार्षद) एवं बजरंग शर्मा का भी सराहनीय योगदान रहा।श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट द्वारा किए गए इस जनसेवा कार्य की क्षेत्र में भूरी-भूरी प्रशंसा की जा रही है। ट्रस्ट ने भविष्य में भी इसी प्रकार के स्वास्थ्य सेवा शिविर निरंतर आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है।

### क्षत्रिय मेर समाज मनाएगा श्री राम जानकी प्राण-प्रतिष्ठा का तृतीय वार्षिक महोत्सव

**चांचौड़ा।** श्री राम सेवा संघ क्षत्रिय मेर समाज द्वारा श्री राम जानकी मन्दिर चाचौड़ा का 300वर्ष प्राचीन मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया था जिसके प्रथम वर्ष में मन्दिर निर्माण एवं श्री राम जानकी प्राण प्रतिष्ठा की गई थी , द्वितीय वर्ष में मन्दिर शिखर कलश स्थापित किया गया था तथा तृतीय वार्षिक महोत्सव में इस बार निज मंदिर भगवान् का सिंहासन मकराना मार्वल से निर्माण कराया गया है जिसकी लागत 3,25000 रुपए आई है। श्री राम जानकी मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा के वर्ष गांठ पर महोत्सव का आयोजन रखा गया है जिसमें गुना जिले के सभी समाज बंधुओं एवं नगर चाचौड़ा के सभी मित्रगण और गणमान्य नागरिकों से आयोजन में पधारने का आग्रह किया गया है जिसमें श्री राम चरित्र मानस का अखंड पाठ हुआ और रात्रि को सुन्दर कांड पाठ का आयोजन समिति द्वारा किया जाएगा एवं 22/01/26 को हवन शांति और भंडारा रखा गया है।

विद्यालय, मुक्तिधाम व उप स्वास्थ्य केंद्र से जुड़े विषयों पर त्वरित की कार्रवाई

# चाचौड़ा एसडीएम ने ग्राम लामाखेड़ा में शैक्षणिक सामाजिक व स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶चाचौड़ा




कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के मार्गदर्शन में "साप्ताहिक ग्राम भ्रमण एवं निरीक्षण अभियान" के अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) चाचौड़ा रवि मालवीय द्वारा तहसील कुंभराज के ग्राम लामाखेड़ा का भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर जनपद सीईओ चाचौड़ा, तहसीलदार कुंभराज सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान एसडीएम द्वारा हाई स्कूल लामाखेड़ा में कक्षा नवमी एवं दसवीं के छात्र-छात्राओं से कैरियर संबंधी विषयों पर संवाद कर भविष्य के लिए सही विषय चयन हेतु मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही प्राचार्य को विद्यालय में नियमित रूप से कैरियर गाइडेंस गतिविधियां आयोजित करने के सुझाव दिए गए।विद्यालय के मुख्य द्वार पर सभी शिक्षकों के मोबाइल नंबर एवं उनके द्वारा पढ़ाए जाने वाले विषयों की जानकारी प्रदर्शित किए जाने पर प्राचार्य एवं विद्यालय प्रबंधन की सराहना की गई।दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय में विद्युत व्यवस्था न होने की समस्या से अवगत कराया गया, जिस पर एसडीएम द्वारा विद्युत विभाग के संबंधित इंजीनियर को तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही प्राचार्य को छात्रों की दैनिक उपस्थिति बढ़ाने एवं निर्धारित समय-सीमा में पाठ्यक्रम पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए।

ग्राम पंचायत सचिव को विद्यालय परिसर में बच्चों के खेल मैदान की भूमि को तार फेंसिंग कर सुरक्षित करने के निर्देश भी प्रदान किए गए।

#### विद्यालय के समीप दाह संस्कार स्थल से संबंधित निर्णय

भ्रमण के दौरान यह तथ्य संज्ञान में आया कि विद्यालय के समीप एक चबूतरे पर पूर्व से दाह संस्कार संबंधी गतिविधियां होती रही हैं, जिससे शैक्षणिक गतिविधियों में बाधा उत्पन्न होती है। निरीक्षण में यह भी पाया गया कि विद्यालय के सामने ही अन्य सर्वे नंबर पर टीन शेड युक्त मुक्तिधाम पूर्व से निर्मित है।ग्राम पंचायत एवं ग्रामवासियों की सहमति से विद्यालय के समीप स्थित दाह संस्कार चबूतरे को तत्काल हटाने हेतु सरपंच एवं सचिव को निर्देश दिए गए। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि भविष्य में सभी ग्रामवासी टीन शेड वाले मुक्तिधाम का ही उपयोग करें तथा विद्यालय के समीप किसी भी प्रकार की दाह संस्कार गतिविधि न की जाए।अनुविभागीय अधिकारी द्वारा ग्राम लामाखेड़ा स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर (उप स्वास्थ्य केंद्र) का भी निरीक्षण किया गया। इस दौरान ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर द्वारा अवगत कराया गया कि भवन निर्माण कार्य पूर्ण होने के बावजूद हैंडओवर की प्रक्रिया लंबित है।इस संबंध में बीएमओ के माध्यम से संबंधित संविदाकार को तत्काल हैंडओवर की कार्रवाई पूर्ण करने के निर्देश दिए गए तथा 03 दिवस के भीतर उप स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सेवाएं प्रारंभ करने के आदेश दिए गए। भवन में पानी एवं साफ-सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु ग्राम पंचायत को भी निर्देशित किया गया।

## भैंसाना हनुमान आश्रम पहुंचे जयवर्धन सिंह श्रीराम महायज्ञ की तैयारियों की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶राघौगढ़

राघौगढ़ विधायक जयवर्धन सिंह बुधवार को भैंसाना स्थित श्री हनुमान आश्रम पहुंचे। उन्होंने भगवान हनुमान जी महाराज के चरणों में शीश नवाकर आशीर्वाद लिया तथा परम पूज्य संत श्री ब्रजकिशोर पारिक 'गुड्डा महाराज' से भेंट कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने आश्रम परिसर में चल रही गतिविधियों का अवलोकन भी किया।उल्लेखनीय है कि 26 दिसंबर को श्री राम महायज्ञ की यज्ञशाला में झंडा गाड़ने का शुभ कार्य भी जयवर्धन सिंह द्वारा किया गया था। इसके पश्चात वे 8 जनवरी को भी आश्रम पहुंचे थे। बुधवार को पुनः आश्रम पहुंचकर उन्होंने श्रमदान किया और



सेवा भाव से सहभागिता निभाई।लगभग 14 वर्षों के अंतराल के बाद भैंसाना की पुण्यधरा पर 18 से 28 मई 2026 तक आयोजित होने वाले श्री राम महायज्ञ की तैयारियों को लेकर जयवर्धन सिंह ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में राघौगढ़ एसडीएम, तहसीलदार, जनपद पंचायत सीईओ, नगर पालिका सीएमओ तथा विद्युत विभाग के अभियंता सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। स्वच्छता, विद्युत व्यवस्था, पेयजल, यातायात, सुरक्षा और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।हनुमान आश्रम परिसर में सतयुग–त्रेता युग की परंपराओं के अनुरूप बन रही दिव्य यज्ञनगरी का अवलोकन करते हुए गुड्डा महाराज ने कहा कि पूर्व यज्ञ में भी भव्यता देखने को मिली थी और अब सोशल मीडिया के युग में यह आयोजन और अधिक भव्य, दिव्य एवं प्राकृतिक स्वरूप में होगा।पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह ने कहा कि यह महायज्ञ केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति, सामाजिक एकता और आध्यात्मिक चेतना के पुनर्जागरण का महापर्व है। अंत में उन्होंने प्रभु श्रीराम एवं हनुमान जी महाराज से आयोजन की सफलता तथा क्षेत्र में सुख-शांति और सद्भाव की कामना की।

## नपा सीएमओ द्वारा सार्वजनिक शौचालय व ट्रेंचिंग ग्राउंड का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶राघौगढ़

बुधवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी तेज़ सिंह यादव द्वारा वार्ड क्रमांक 23, रूठियाई स्थित सार्वजनिक शौचालय की सफ़ाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शौचालय के केयर टेकर को ओ.डी.एफ. प्लस-प्लस के मापदंडों के अनुसार नियमित एवं बेहतर सफ़ाई व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।इसके उपरांत वार्ड क्रमांक 15 स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय एम.आर.एफ. प्लांट पर आवश्यक साफ़-सफ़ाई व्यवस्था बनाए रखने तथा निर्माणाधीन कंपोस्ट प्लांट के कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के लिए संबंधित ठेकेदार को निर्देश दिए गए।

## ग्रामोदय से होगा अभ्युदय मध्यप्रदेश सेक्टर स्तरीय कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶राघौगढ़

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था मंगल सेवा समिति द्वारा सेक्टर स्तरीय कार्यक्रम ग्राम रामनगर में संपन्न किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच कमल सिंह कुशवाह, जबकि अध्यक्षता वरिष्ठ समाज सेवक अमोल सिंह नरवरिया विशेष अतिथि आयुष विभाग के डॉक्टर जयराम सिंह यादव कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वयक लोकेंद्र सिंह द्वारा कार्यक्रम में बताया कि यह अभियान माननीय मुख्यमंत्री द्वारा विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को



ध्यान में रखते हुए प्रारंभ किया गया है अभियान के अंतर्गत विकासखंड के समस्त ग्रामों में 12 से 26 जनवरी तक ग्राम उत्सव, ग्राम चौपाल, ग्राम रैली, सामूहिक श्रमदान, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वावलंबन एवं स्वदेशी, शिक्षा एवं संस्कार, नशा मुक्त समाज, को संरक्षण, परंपरागत खेल आदि विषय को लेकर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे । मुख्य अतिथि द्वारा सामाजिक समरसता के भाव को लेकर अपनी बात विस्तार पूर्वक राखी। विशेष अतिथि अमोल सिंह द्वारा स्वामी विवेकानंद जी विचारों के बारे में जानकारी प्रदान की गई, नवांकुर संस्था के सचिव सुरेश केवट द्वारा उपस्थित प्रस्फुटन समितियों के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए समरसता के भाव को जागृत करते हुए समग्र ग्राम विकास करने की बात रखी ।इस अवसर पर आयुष विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया गया जिसमें गांव के लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ परामर्शदाता महेश कुमार शर्मा जी द्वारा किया गया, नगर विकास प्रस्फुटन समिति से किशोर कुमार नरवरिया , अंकित चौरसिया, सत्यदीप शर्मा, सचिव अरविंद शर्मा, सहायक सचिव दिनेश सैनी, सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका और आशा कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित रही।

### सनातन ग्रामोदय एकता यात्रा निकलकर दिया एकता का संदेश

**राघौगढ़।** राघोगढ़ के ग्राम कोलुआ पठार में हिंदू संस्कृति से अवगत कराते हुए सनातन ग्रामोदय एकता यात्रा निकालकर सभी ग्राम वासियों को हिन्दू संस्कृति से अवगत कराते हुए पूरे गांव में राम नाम की धुन करते हुए एवं ग्राम कोलुआ के मंशापूर्ण बालाजी धाम कोलुआ धाम पर हनुमान चालीसा पाठ कर यात्रा का समापन किया हमारे सनातन धर्म की रक्षा के लिए सनातन संस्कृति से अवगत कराते हुए गौ माता की सेवा एवं समाज कल्याण



हेतु हनुमान चालीसा गीता रामायण से अवगत कराने हिंदू एक भारत श्रेष्ठ अभियान चलाकर भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने सहयोग हेतु किया समाज को प्रेरित एवं दिया एकता का संदेश जिसमें राधेश्याम नाथ सनातनी एवं ग्राम के सदस्य गण उपस्थित रहे।

# पिपरई नगर में आचार्य श्री दुर्लभ सागर महाराज के हो रहे हैं मंगल प्रवचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶पिपरई

नगर में आचार्य श्री दुर्लभ सागर जी महाराज के द्वारा प्रतिदिन मंदिर में प्रवचन एवं सुबह ध्यान की कक्षा और शाम को अध्याय का पाठ पढ़ाया जाता है। जिसमें श्रद्धालुजन भाग ले रहे हैं। सभी दिगंबर जैन समाज जन अध्याय को पढ़कर उसमें जो भी लाइन पसंद आती हैं उस विषय को अपनी भाषा में मुनी श्री को बताते हैं एवं उनके द्वारा समस्त मंडली में प्रथम, द्वितीय और ततृीय के हिसाब से 10 नंबर दिए जाते हैं जो प्रथम आता है उसको प्रथम पुरस्कार दिया जाता है ऐसे ही



क्रमबद्ध पुरस्कार प्रतिदिन वितरण किए जा रहे हैं। मुनि श्री जी के मंगल प्रवचन सभी को प्राप्त होते हैं इस मौके पर मुकेश जैन बड्डन, वरुण जैन, सुमित जैन, मनोज जैन तराइर्, और सभी समाजजन मौजूद रहे। इस पाठशाला में आज तुलसीराम विश्वकर्मा ने भी अध्याय सुनाया जिसमें उन्होंने कहा कि वायु जैसे शुद्ध बगीचे में से होकर गुजरती है तो वह स्वच्छ वायु कहलाती है एवं वायु किसी गंदगी या शमशान घाट से होकर गुजरती है तो वह विशुद्ध वायु कहलाती है। इस विषय पर सभी लोगों ने उनकी अध्याय में सुनने की क्षमता पर बहुत प्रसन्न हुए। और जैन मंडली के द्वारा उनके लिए पुरस्कार दिया गया।

### वाहनों की चैकिंग के दौरान की गई कार्रवाई

**अशोकनगर।** अशोकनगर जिले की तहसील चंदेरी के स्कूलों की चैकिंग की गई। जिसमें चंद्रभान सिंह पब्लिक स्कूल, सेंट्रल एकादमी, सरस्वती शिशु मंदिर, विवेकानंद स्कूल की वाहनों की चैकिंग की गई। जिसमें नियम विरूद्ध संचालन करने पर चालानी कार्यवाही की जाकर समझौता शुल्क के रूप में कुल 82 हजार रूपये की राशि बसूल की गई। जिन वाहनों के दस्तावेज पूर्ण नहीं थे उन्हे पूर्ण करने के लिए निदेर्शित किया गया। इस कार्यालय द्वारा प्रत्येक सप्ताह स्कूल बसों व यात्री बसो की तथा अन्य वाहनो की चैकिंग की जा रही है चैकिंग के दौरान जो




वाहन अनफिट या क्षमता से अधिक यात्री मिलते है उनके विरूद्ध नियमानुसार चालानी कार्यवाही की जाती है, कार्यालय द्वारा 01 अप्रैल 2025 से अभी तक कुल 117 वाहनों क विरूद्ध चालानी कार्यवाही से समन शुल्क राशि रु 3,13,500 एवं दो यात्री वाहनों को जप्त कर कर राशि रु 15,02,633 वसूल कर कुल राशि 18,16,133 रूपये की वसूली वाहनों की चैकिंग से की गई।

# जिला अशोकनगर ने पाया प्रदेश में सीएम हेल्पलाइन निराकरण में प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर

जिला अशोकनगर के पुलिस विभाग ने प्रदेश में सीएम हेल्पलाईन निराकरण में प्रथम स्थान एवं सीसीटीएनएस रैंकिंग में द्वितीय स्थान पाया है।

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं समस्त थाना प्रभारियों को सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक, समयबद्ध एवं समुचित निराकरण सुनिश्चित करने तथा थाना स्तर पर उपयुक्त, शुद्ध एवं तथ्यात्मक आंकड़ों की जानकारी सीसीटीएनएस सॉफ्टवेयर में दर्ज करने हेतु निर्देशित किया गया।

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोकनगर



गजेन्द्र सिंह कंवर, एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा, एसडीओपी मुंगावली सनम बी. खान एवं एसडीओपी चन्देरी महेश शर्मा के मार्गदर्शन में जिला पुलिस अशोकनगर के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा शिकायतकर्ताओं की प्रभावी सुनवाई करते हुए शिकायतों का संतोषजनक निराकरण किया गया। इसके परिणामस्वरूप दिनांक 20.01.2026 को जारी माह दिसम्बर 2025 की ग्रेडिंग में जिला अशोकनगर ने 94.85 प्रतिशत के साथ प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

इसी तारतम्य में थाना स्तर पर अपराधों से संबंधित आंकड़ों की उपयुक्त एवं शुद्ध तथ्यात्मक प्रविष्टि सीसीटीएनएस सॉफ्टवेयर पर डाटा क्वालिटी एवं डाटा क्वांटिटी के मानकों के अनुरूप निरंतर दर्ज किए जाने के फलस्वरूप दिनांक 21.01.2026 को जारी माह दिसम्बर 2025 की ग्रेडिंग में जिला अशोकनगर ने प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में अशोकनगर पुलिस द्वारा सीएम हेल्पलाईन शिकायतों के संतुष्टिपूर्वक निराकरण एवं सीसीटीएनएस सॉफ्टवेयर में शुद्ध, तथ्यात्मक आंकड़ों की प्राथमिकता के आधार पर निरंतर प्रविष्टि का कार्य आगे भी इसी प्रतिबद्धता के साथ जारी रखा जावेगा।

# पत्नी से मारपीट करने वाला पति गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को महिलाओं पर घटित होने वाले अपराधों में त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके अंतर्गत देहात पुलिस ने कार्यवाही कर पति द्वारा पत्नी के साथ बेरहमी से मारपीट करने वाले आरोपी पति को गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि 19 जनवरी को फरियादिया ने अपने पति देवेन्द्र यादव के द्वारा स्वयं की बेरहमी व निर्दयतापूर्वक मारपीट करने, अश्लील गालियां देने एवं जान से मारने की धमकी देने संबंधी रिपोर्ट दर्ज कराई थी जिस पर से थाना देहात में अपराध क्रं0 53/26 धारा 115(2), 296 बी, 351(2), 3(5) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। उक्त घटना का सोशल मीडिया पर वीडियो बायरल होने पर मामले की गंभीरता एवं संवेदनशीलता को दृष्टिगत रखते हुये पुलिस अधीक्षक अशोकनगर द्वारा संज्ञान में लेकर थाना प्रभारी देहात को त्वरित



कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। थाना प्रभारी देहात उनि. भुवनेश शर्मा द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए वुधवार को आरोपी देवेन्द्र पुत्र राजेन्द्र यादव निवासी ग्राम डंगाई को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

### शिक्षकों की पदस्थापना के आदेश नहीं हुए जारी

**अशोकनगर।** सर्व शिक्षा अभियान से प्रतिनियुक्ति से वापिस लौटे शिक्षक दो माह से जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में बैठकर समय निकाल रहे हैं उनके पदास्थापना आदेश आज दिनांक तक जारी नहीं हुए हैं। ऐसी स्थिति में उनकी पदस्थापना आदेश जारी करने की मांग की गई है। इस संबंध में बताया गया है कि सीएसी,बीएसी से लौटे शिक्षकों के पदांकन हेतु कांउसलिंग भी रखी गई थी उसमें जिले के विषय बार पद रिक्त 3.0 पोर्टल पर प्रदर्शित नहीं हो रहे थे। जिसे लेकर वह शिक्षक भी परेशान हैं जो पदास्थापना का इंतजार कर रहे हैं क्योंकि उन्हें पिछले 2 माह से वेतन भी नहीं मिला है जिसके कारण उनकी आर्थिक परिस्थितियां गड़बड़ हो गई हैं। इन शिक्षकों में किसी के मां बाप की तबीयत खराब है, किसी को लोन की किश्त भरना है किसी को बच्चों की फीस भरना है तो किसी को घर का सामान लाना है। इस पदस्थापना को लेकर जिला भाजपा अध्यक्ष आलोक तिवारी भी पत्र लिख चुके हैं जिसमें कहा गया है कि जिले के समस्त रिक्त पदों की सूची चस्पा कर, वरिष्ठता के आधार पर कांउसलिंग कर पदास्थापना की जाए। इसी आशय का पत्र जिला पंचायत के अध्यक्ष राव अजय प्रताप सिंह यादव भी लिख चुके हैं। लेकिन आज दिनांक तक यह आदेश जारी नहीं हुए हैं। आजाद अध्यापक संघ भी इस आशय की मांग कर चुका है।

# मुख्य सचिव की अध्यक्षता में कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस के प्रतिवेदन की समीक्षा बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶अशोकनगर




मुख्य सचिव अनुराग जैन की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्टर-कमिश्नर कांफ्रेंस के प्रतिवेदन की समीक्षा बैठक मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल में आयोजित की गई। वीडियों कांफ्रेंस में जिला स्तर पर कलेक्ट्रेट एनआईसी कक्ष में कलेक्टर आदित्य सिंह ,पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश कुमार जैन, अपर कलेक्टर डीएन.सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गजेन्द्र सिंह कंवर,संयुक्त कलेक्टर आर.बी.सिण्डोस्कर तथा संबंधित जिला अधिकारी उपस्थित रहें।

कांफ्रेंस में मुख्य सचिव द्वारा सुरक्षा व्यवस्था, क्राईम रोकथाम, महिला अपराध तथा ड्रस पर नियंत्रण, साईबर क्राईम,यातायात सुरक्षा, ब्लॉक स्पॉट का चिन्हांकन के संबंध में समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने सुशासन के अंतर्गत भू-अभिलेखों में नामातरण, राजस्व संग्रहण, एमपी ई-सेवा पोर्टल, लोक सेवा गांरटी,कृषि वर्ष 2026, प्राकृतिक खेती,भावांतर योजनातर्गत किसानों को दिये गए लाए, पराली/नरबाई प्रबंधन, स्वास्थ्य एवं पोषण अंतर्गत कुपोषित बच्चों की पहचान एवं उपचार हेतु की गई कार्यवाही, नगरीय विकास के तहत पी.एम. आवास योजनांतर्गत पात्र हितग्राहियों को दिये गए लाभ,शुद्ध पेयजल हेतु किये जा रहे सभी आवश्यक प्रयास,पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित बी.वी,जी रामजी योजना के क्रियान्वयन की विस्तार से समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

# टेराकोटा (माटीशिल्प) प्रशिक्षण का किया गया शुभारंभ




**अशोकनगर।** म.प्र. माटीकला बोर्ड भोपाल के द्वारा कौशल विकास योजना अन्तर्गत स्वीकृत टेराकोटा (माटीशिल्प) प्रशिक्षण हेतु अशोकनगर जिले के 25 प्रशिक्षणार्थियो को 45 दिवसीय प्रशिक्षण सत्र का प्रारम्भ बुधवार को सामान्य सुविधा केन्द्र, जिला हाथकरघा कार्यालय चन्देरी में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) चन्देरी मनीष धनगर के द्वारा माँ सरस्वती की पूजा अर्चना कर उद्घाटन किया गया।

प्रशिक्षण सत्र का संचालन एम.पी. कॉन लिमिटेड भोपाल के द्वारा जिला हाथकरघा कार्यालय एवं प्रशिक्षण केन्द्र चन्देरी के सहयोग से किया जा गया। प्रशिक्षण अवधि में हितग्राहियों को 100 प्रतिदिन के दर से छात्रवृत्ती भी प्रदान की जायेगी। इस अवसर पर एसडीएम धनगर ने हितग्राहियों को पूर्ण लग्न के साथ प्रशिक्षण प्राप्त करने तथा टेराकोटा के नवीन उत्पादो के साथ चन्देरी टूरिज्म के बढ़ते कदम के साथ आपको भी इस शिल्प से नवीन रोजगार सृजन होगे।के.एन. गुप्ता प्रभारी सहायक संचालक हाथकरघा चन्देरी के द्वारा पी.एम. विश्वकर्मा योजना के हितग्राहियो को अवगत कराया गया तथा लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम समन्वयक आर.एस. कुशवाह, एम.पी.कॉन भोपाल, राहुल प्रजापति प्रशिक्षक एवं प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहा।

## खबर संक्षेप

### अज्ञात युवक का शव ट्रेन पटरियों पर मिला

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के अंतर्गत रेलवे कर्मचारी मयंक रावत ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अशोकनगर हिनोतिया रेलवे ट्रेक पर 1047/2 से 3 के बीच एक अज्ञात युवक का शव रेल पटरियों पर पाया गया है। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### बाईक ने साईकिल में टक्कर मारी, एक घायल

**अशोकनगर।** जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत नथनसिंह लोधी निवासी गहौरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात बाईक चालक ने भारत माता स्कूल के पास गहोरा रोड़ पर अपनी बाईक को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसकी साईकिल में टक्कर मार दी जिससे उसके चेहरे पर चोटे आई हैं। बाईक का नंबर एमपी 33 जेडसी 2994 है, पुलिस ने बाईक चालक पर मामला दर्ज किया है।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कईं मामले दर्ज किए गए है। जिले के शाढौरा थाने के अंतर्गत पुलिस ने भीम सिंह राजपूत निवासी ग्राम सडूमरा के पास से 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले की बहादुरपुर थाने की पुलिस ने पप्पू अहिरवार निवासी बमुरिया के पास से 5 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले के देहात थाने की पुलिस ने भानू राजपूत निवासी ग्राम कजराई के पास से 7 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। कोतवाली पुलिस ने शंकर कॉलोनी निवासी इरसाद खान के पास से 5 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सहोदरी निवासी रघुवीर अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अकलबाई अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से अकल बाई अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि रघुवीर अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम परासरी निवासी विसनबाई जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी राजकुमार जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ध्यानपुर निवासी कैलाश जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रतिराम जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ईसागढ निवासी नंदकुमार यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी हेमन्त और राजन गुर्जर ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### मतदाता दिवस का आयोजन 25 जनवरी को

**अशोकनगर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानसुार 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस का जिला स्तरीय आयोजन 25 जनवरी को प्रातः 11 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा। साथ ही कार्यालय में पदस्थ समस्त अधिकारी कर्मचारियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलाई जाएगी।

### श्रीमद् भागवत कथा का हो रहा आयोजन

**पिपरई।** ग्राम बांसखेड़ी में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन चल रहा है। जिसमें कथा ब्यास आचार्य श्री जगदीश प्रसाद भार्गव श्री धाम अयोध्या इदौर के द्वारा प्रहलाद चरित्र ,धुरव चरित्र एवं गुरु की महिमा का वर्णन विस्तार से समझाया गया। उन्होंने बताया कि इस भवसागर में तैरना है तो हमें गुरु अवश्य बनाना चाहिए, महाराज ने बताया कि ध्यान, मूल, गुरु मूर्ति ,पूजा, मूल गुरु पदम, मंत्र मूल गुरु वाक्यम, मोक्ष मूलम गुरु कृपा। इस प्रकार से महाराज ने ध्रुव चरित्र में कहा कि यदि बालक बचपन में ही से ही भगवान की भक्ति करता है तो वह धुरव जैसा महान भक्त हो जाता है।

## पालक और गोभी के पौधे किए जा रहे हैं तैयार

# अशोकनगर जिला जेल के कैदी कर रहे हैं जैविक खेती का उत्पादन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले के किसानों में भले ही जैविक खेती को लेकर जागरूकता न हो लेकिन अशोकनगर जिला जेल के कैदियों द्वारा जैविक खेती का उत्पादन किया जा रहा है। यहां पालक और गोभी की पौध तैयार की जा रही है। यह अशोकनगर जिले के किसानो के लिए बेहतर उदाहरण है जब जेल में रहने वाले विचाराधीन कैदी जैविक खेती का उत्पादन कर सकते हैं तो किसान क्यों नहीं, किसानों को जैविक खेती की तरफ रूझान रखा जाना चाहिए।

अशोकनगर जिला जेल के जेलर ललित दीक्षित ने बताया कि अशोकनगर जिला जेल ढाई एकड़ भूमि में वसा है यहां आधा एकड़ भूमि में कैदियों द्वारा जैविक खेती का उत्पादन किया जा रहा है। यह उत्पादन जैविक खेती के प्रति जागरूकता को लेकर किया जा रहा है। इसके अलावा जिला जेल में बंदियों को साक्षर करने के साथ स्पोर्ट क्लब भी तैयार किया गया है जहां विचाराधीन बंदियों द्वारा कैरम बोर्ड, बालीवॉल, शतरंज, खेलने के साथ अंताक्षरी जैसी प्रतियोगिता भी की जाती हैं ताकि कैदियों का भरपूर मनोरंजन भी जिला जेल में हो सके।

**जिला जेल के नए स्थान को लेकर 40 एकड़ भूमि की जरूरत**




अशोकनगर जिले में विचाराधीन बंदियों को रखने के लिए एक मात्र जिला मुख्यालय पर जेल है इस जेल का निर्माण तब हुआ था जब अशोकनगर गुना जिले का हिस्सा हुआ करता था। गुना जिले से विभाजन होने के बाद नए जिले के रूप में अशोकनगर का उदय हुआ उस समय यहां की जेल उप जेल हुआ करती थी बाद में इसी जेल को जिले का दर्जा दिया गया। इस जेल में जिले भर के कैदियों को रखा जाता है। जिले में अन्य किसी स्थान पर कोई जेल नहीं होने के कारण, चन्देरी, मुंगावली, ईसागढ, आदि स्थानों पर होने वाली न्यायालीन सुनवाई को लेकर कैदियों को जिला जेल से ले जाया जाता है और बाद में फिर लाया जाता है। अगर जिले में कोई दूसरी जेल होती तो वहां इन कैदियों को रखा जा सकता था जिससे आने जाने में शासन के पैसे का अपव्यय नहीं होता। जिला जेल वर्तमान में कैदियों की संख्या को ध्यान में रखते हुए तथा कैदियों को समस्त सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने की दृष्टि से नए जेल भवन के साथ साथ परिसर की जरूरत है। जिला जेलर ललित दीक्षित ने बताया कि अशोकनगर जिला जेल को 40 से 50 एकड़ भूमि की आवश्यकता है, जिसे लेकर तीन स्थानों पर भूमि को देखा गया है। लेकिन भूमि का चयन करने से पहले इन बिन्दुओं का ध्यान रखा जा रहा है कि जेल जहां भी खुले वहां पुलिस लाईन अथवा पुलिस थाना जेल के नजदीक होना चाहिए। जिसे लेकर अभी जगह का चयन नहीं हो पाया है। जिला जेल के लिए रांवसर के समीप भी भूमि देखी गई है लेकिन अभी निर्णय नहीं हुआ है।

वर्तमान में अशोकनगर जिला जेल में कैदियों की क्षमता 250 है लेकिन वर्तमान में यहां की जिला जेल में 230 कैदी निवासरत हैं। इस समय कैदियों की संख्या कम है औसत से भी कम संख्या चल रही है लेकिन कईं बार स्थिति ऐसी आती है कि कैदियों की संख्या 300 से ऊपर का आंकड़ा पार कर जाती है। ऐसी स्थिति में कैदियों को रखने में कईं प्रकार की समस्याएं सामने आती हैं। इन कैदियो में कईं जमीनों से संबंधित तो कईं लड़ाई झगड़ों से संबंधित कैदी हैं। बड़े अपराधों के कैदी कम हैं। उन्होंने बताया कि यहां महिलाओं को रखने के लिए 20 क्षमता का बैरिक है वर्तमान में यहां 8 महिला बंदी हैं। यहां पुरूष और महिलाओं को ही रखने की सुविधा है, किशोरों और बाल कैदियों के लिए पड़ौसी जिला गुना में रखा जाता है। यहां रखने की सुविधा शासन से नहीं है।

## करीला में सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रति लोगों को जागरूक किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश कुमार जैन के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत जसैया के ग्राम करीला धाम में स्थानीय दुकानदारों एवं श्रद्धालुओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस अवसर पर ब्लॉक समन्वयक सतपाल सिंह जाट ने बताया कि स्वच्छता की निरन्तरता हेतु सिंगल यूज प्लास्टिक के पर्यावरणीय दुष्प्रभाव से धार्मिक स्थल को स्वच्छ बनाए रखने हेतु पॉलीथिन के उपयोग को कम करने एवं पॉलीथिन को एकत्रित कर उचित प्रबंधन कार्य किये जा रहे है। ग्राम पंचायत का संयुक्त दल द्वारा कार्ययोजना अनुसार स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूकता किया गया।

### श्रद्धा और भक्ति के साथ निकलेगा जैन विमानोत्सव नगर में रहेगा उत्सव का माहौल

**पिपरई।** नगर में जैन समाज द्वारा परंपरागत धार्मिक आस्था के प्रतीक विमान जी भव्य रूप से निकाले जाएंगे। इस अवसर को लेकर जैन समाज में उत्साह का वातावरण बना हुआ है। समाज के लोगों द्वारा आयोजन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और नगर को सजाया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विमान जी का शुभारंभ प्रातः जैन मंदिर से विधि-विधान एवं मंगल पाठ के साथ किया जाएगा। इसके पश्चात विमान जी नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए भ्रमण करेंगे। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए धर्म लाभ अर्जित करेंगे। विमान जी यात्रा के स्वागत के लिए मार्ग में जगह-जगह रंगोली सजाई जाएगी तथा श्रद्धालुओं द्वारा पुष्पवर्षा की जाएगी। यात्रा में जैन समाज के महिला, पुरुष, युवा एवं बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होंगे। वातावरण 'जय जिनेंद्र' के उद्घोष से भक्तिमय हो जाएगा। जैन समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि विमान जी निकालने की परंपरा समाज में धर्म, अहिंसा, सत्य और संयम के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम है। इस आयोजन से समाज में एकता एवं भाईचारे की भावना को बल मिलता है। कार्यक्रम को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए समाज के स्वयंसेवकों की विशेष टीम बनाई गई है। साथ ही प्रशासन से भी आवश्यक सहयोग प्राप्त किया गया है। विमान जी यात्रा के समापन के पश्चात जैन मंदिर परिसर में धर्मसभा आयोजित की जाएगी, जिसमें साधु-संतों के प्रवचन होंगे। इसके बाद प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।

## स्कूल बंद होने से आदिवासी बच्चों की पढ़ाई हो रही है प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर




जिले के मगरदा चैराहे स्थित स्थानीय शासकीय माध्यमिक विद्यालय शंकरपुर मगरदा को शासन द्वारा बंद किए जाने से क्षेत्र के कई आदिवासी परिवारों के बच्चे शिक्षा से वंचित हो रहे हैं। जब क्षेत्रीय विधायक इंजी. हरिबाबू राय जब मगरदा चैराहे पहुंचे, तो वहां मौजूद छोटे-छोटे बच्चों ने स्वयं विधायक को रोककर अपनी पीड़ा बताई।

बच्चों ने बताया कि उनके घर के पास संचालित शासकीय माध्यमिक विद्यालय को 4 महिने से बंद कर दिया गया है और उन्हें सीएम राइज स्कूल में पढ़ने के लिए कहा जा रहा है, जो यहां से लगभग 3 किलोमीटर दूर स्थित है। बच्चों ने बताया कि न तो आने-जाने के लिए कोई पर्याप्त साधन उपलब्ध है और न ही वह इतनी लंबी दूरी प्रतिदिन तय करने में सक्षम हैं। इसी कारण वह नियमित रूप से स्कूल नहीं जा पा रहे हैं, जबकि पढ़ने की उनकी प्रबल इच्छा है। बच्चों ने कहा कि वह पढ़-लिखकर अपने माता-पिता, गांव और जिले का नाम रोशन करना चाहते हैं। विधायक इंजी. हरिबाबू राय ने बच्चों की पूरी बात गंभीरता से सुनी और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर चर्चा कर समस्या से अवगत कराया। विधायक ने आश्वासन दिया कि इस गंभीर विषय का शीघ्र समाधान कराया जाएगा, ताकि क्षेत्र के किसी भी बच्चे की शिक्षा बाधित न हो। विधायक ने कहा कि शिक्षा हर बच्चे का अधिकार है, और आदिवासी अंचल के बच्चों के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दौरान महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा सुराणा पूर्व अध्यक्ष सुधीर शर्मा राजकुमार लोधी सरपंच प्रदीप धाकड़ राजस्थान यह लोग मौके पर मौजूद रहे।










### ब्रेकथ्रू साइंस सोसायटी ने जिला स्तरीय बाल विज्ञान प्रतियोगिता आयोजित की

**अशोकनगर।** बुधवार को अशोकनगर जिले के तारा सदन स्कूल में ब्रेकथ्रू साइंस सोसायटी के द्वारा जिला स्तरीय बाल विज्ञान प्रोजेक्ट प्रतियोगिता का समापन किया गया। जिसमें अशोकनगर के 6 स्कूलों से लगभग 100 छात्र छात्राओं ने परियोजनाएं बनाई। ब्लू चिप कान्वेंट स्कूल के छात्रों ने सोलर ऊर्जा, स्मार्ट सिटी ,सिटी कान्वेंट स्कूल के छात्रों ने हेल्थ एंड हाइजिन, मुस्कान पब्लिक स्कूल के छात्रों ने बायो टेक्नोलॉजी,एक्सीलेंस स्कूल छात्रों ने ड्रेनेज सिस्टम, विंड एनर्जी व तारा सदन स्कूल के छात्र-छात्राओं ने साइंस एंड टेक्नोलॉजी के मॉडल व प्रोजेक्ट फाइल बनाई।
कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर ब्रेकथ्रू साइंस सोसायटी के प्रदेश सलाहकार एवं रिटायर्ड इंजीनियर एस के राजोरिया शामिल हुए उन्होंने परियोजना की मुख्य थीम साइंस टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन फॉर सस्टेनेबल डेवलपमेंट के उद्देश्य के बारे में अपना वक्तव्य रखा। साथ ही कहा कि आज बच्चों के अंदर इन छोटे छोटे प्रोजेक्ट के माध्यम से ही वैज्ञानिक चिंतन का विकास किया जा सकता हे ताकि वह समाज की समस्याओं का वैज्ञानिक विश्लेषण करके उनका समाधान खोज सके। कार्यक्रम में पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के प्रोफेसर अनिल धकाते,अशोकनगर के कृषि अधिकारी शैलेंद्र पुरोहित, ब्रेकथ्रू के स्टेट वर्किंग प्रेसिडेंट विकास बंसल, ब्लू चिप स्कूल से एस के, केमिस्ट्री शिक्षक आदर्श तोमर, बायोलॉजी शिक्षक मोहित शर्मा, अशोकनगर के डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर कृष्णा बैरागी मौजूद रहे। ब्लू चिप कान्वेंट स्कूल के बच्चों ने इस बार की थीम पर आधारित कुछ विज्ञान मॉडल भी बनाएं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विकास बंसल ने बताया कि आज जब मोबाइल और इंटरनेट बच्चों के अंदर सृजनात्मक सोच को खत्म कर रहा है वही ब्रेकथ्रू साइंस सोसाइटी लगातार देश दुनियां के महान वैज्ञानिकों को आदर्श रखकर वैज्ञानिक एवं तार्किक सोच को समाज में बढ़ाने का कार्य कर रहा है। कार्यक्रम का संचालन तारा सदन स्कूल की शिक्षिका प्रियंका चैधरी ने किया।

## सेवा निवृत्त अधिकारी, कर्मचारी पेंशनर्स महासंघ ने सौंपा ज्ञापन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

सेवा निवृत्त अधिकारी, कर्मचारी पेंशनर्स महासंघ ने अपनी मांगों और समस्याओं के निराकरण को लेकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा है। जिसमें मांगों के निराकरण की मांग की गई है। पेंशनर्स की उपरोक्त मांगों एवं समस्याओं का निराकरण नहीं होने से म.प्र. राज्य के पेशनरों में भारी असंतोष व्याप्त है। इस मौके पर संघ के अध्यक्ष दिनेश कुमार विरथरे, सचिव महाराज सिंह रघुवंशी, कोषाध्यक्ष संजय कुमार चैधरी के साथ अशोक कुमार शर्मा, महेश कुमार शर्मा, हरवंश जुनैजा, अजीत जैन आदि पेंशनर्स मौजूद थे।

### मांगों के बिन्दु

1. म.प्र. राज्य पुर्नगठन अधिनियम 2000 की धारा 49 (6) ए के तहत छत्तीसगढ़ राज्य से सहमति की बाध्यता समाप्त की जावे।
2. केंद्र सरकार द्वारा केंद्रीय अधिकारी, कर्मचारियों एवं पेंशनर्स को स्वीकृति दिनांक से मध्यप्रदेश राज्य के कर्मचारियों, पेंशनरों को डी.ए., डी.आर. प्रदान किया जावे।
3. 80 वर्ष की आयु के उपरांत पेंशनर्स की पेंशन में 20 प्रतिशत की वृद्धि में संशोधन कर 65 वर्ष की आयु में 20 प्रतिशत पेंशन वृद्धि स्वीकृत की जावे।
4. पेंशनर्स की मृत्यु उपरांत एक्सग्रेसिया 50000 रूपए प्रदान करने हेतु प्रावधान किया जावे।
5. छटवे वेतनमान का 32 माह का एरियर उच्च न्यायालय के आदेश एवं केबिनेट के निर्णय अनुसार शीघ्र पेंशनर्स को भुगतान किया जावे।
6. सातवें वेतनमान के 27 माह के एरियर का भुगतान किया जावे।
7. पेशनर्स को आयुष्मान योजना का लाभ 65 वर्ष की आयु उपरांत प्रदान किया जाये।
8. शिक्षकों को 35 वर्ष पश्चात चतुर्थ समयमान वेतनमान दिया जावे एवं अर्जित अवकाश नगदीकरण का लाभ प्रदान किया जावे।
9. जिला कोषालय के माध्यम से पेंशनर्स के डिजीटल कार्ड बनाये जाने हेतु आदेश प्रदान किया जावे।

## 23 को जाएगी अशोकनगर जैन समाज द्रव्य भेंट करने गोला कोटः राकेश कांसल


# सिर्फ क्रिया में धर्म नहीं है आपको आनंद आए तब वह पुण्य में बदल जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

दिगंबर जैन दर्शन के राष्ट्र संत पुंगव मुनि श्री सुधासागर जी महाराज ने तीर्थोदय गोलाकोट में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि क्रिया में धर्म नहीं है उसमें कितना आनंद आया वहीं पुण्य है। देवता उस मन्दिर में जाते हैं जव भगवान सामने हो तो थोड़ा हंस लिया करें अपने आप को भाग्यवान मान लेना जैसे ही तुम्हारे पुण्य का उदय आयें प्रभु के चरणों में पहुंचकर भक्ति कर लिया करें हंस लिया करें।

उन्होंने कहा कि बड़े आदमी को संभालना है हंसने वाले को संभाल न है यह नरक जाने वाले हैं रावण के पास धन था बुद्धि थी शरीर निरोगी मिला धन मिले भोग विलास में लगा दिया। बुद्धि मिली उससे भगवान को कैलाश पर्वत सहित उठाकर फैंकने लगा। तुम्हें जो कुछ भी मिला है अच्छे कर्म से मिला है यह तुम्हारे लिए अपने गुरु से मिलीं है अब मेरा उपदेश नहीं मैं धनवान हूं बुद्धि मान नीरोगी है तो अच्छा कर्म का परिणाम है।





23 को जायेगी अशोकनगर जैन समाज द्रव्य भेंट करने गोला कोट जायेगा

जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल ने बताया कि तीर्थोदय तीर्थ गोलाकोट में तीर्थ चक्रवर्ती निर्यापक श्रमण मुनिपुंगव श्री सुधासागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में चल रहे पंचकल्याणक महामहोत्सव में तप कल्याणक 23 जनवरी को प्रातः 7:30 बजे सुभाष गंज प्रांगण से श्री दिगंबर जैन पंचायत कमेटी अशोकनगर के नेतृत्व में सभी संस्थाओं का प्रतिनिधि मंडल अपने अपने निजी वाहनों से अष्ट मंगल द्रव्य लेकर जा रहा है। इस दौरान परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज ससंघ को कमेटी द्वारा श्री फल भेंट किये जायेंगे। कमेटी के उपाध्यक्ष अजित वरोदिया प्रदीप तारई राजेन्द्र अमन महामंत्री राकेश अमरोद मंत्री शैलेन्द्र श्रागर मंत्री विजय धुर्रा मंत्री संजीव भारिल्य मीडिया प्रभारी अरविंद कचनार आडीटर संजय के टी संयोजक उमेश सिघई मनीष सिंघई मनोज रन्नौद श्रेयांस घैला सहित अन्य प्रमुख जनो ने सभी से अनुरोध किया है। जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने बताया कि इस दौरान महाराजा नाभी राय के दरवार का आयोजन होगा तद उपरांत आदि कुमार का राज्याभिषेक होगा। इसके साथ ही विभिन्न देशों के राजाओं द्वारा भेंट समर्पित की जायेगी तद उपरांत राज व्यवस्था असि मषि कृषि विद्या वाणिज्य शिल्प का उपदेश दिया जाएगा। राज्य व्यवस्था के साथ कृषि क्रिया कार्य शिल्पा कला का मार्ग प्रशस्त किया जायेगा इसके बाद नीलाजंना नृत्य नीलाजना का निधन और आदि कुमार का वैराग्य जैनेश्वरी दीक्षा परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज द्वारा दी जायेगी।

### सब कुछ छोड़कर यदि जायेंगे तो आप भी सिद्ध वन सकते हैं

मुनिश्री ने कहा कि सब कुछ छोड़ कर यदि जाओगे तो आप भी सिद्ध शिला को प्राप्त कर सकते हैं जैसे तारा का समूह स्वच्छ जल में स्पष्ट दिखाई देता है वैसे ही ज्ञानी को सब कुछ स्पष्ट दिखाई देता है। यह मार्ग आनंद को देने वाला है यहां मजा नहीं आया यह मजे से आगे आनंद देने वाले हैं। इन विकल्प जालों से आगे बढ़ कर परम पद की आराधना करने का पुरूषार्थ करते रहना चाहिए। भेद विज्ञान से ही आराधना का मार्ग प्रशस्त होता है। ज्ञान दर्शन चारित्र को जान लिया शुद्ध आत्मा को जानने से हमें आगे कुछ भी नहीं बचा जिसने अपने आत्म को जान लिया भाग्यवानों के लिए है।

## रामगंजमंडी-भोपाल रेलवे लाइन के तहत किया जा रहा है ब्रिज का निर्माण

# नेवज नदी पर पूर्णता की ओर 38 पिलर पर खड़ा 1.2 किमी लंबा पुल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

बहुप्रतीक्षित भोपाल-रामगंजमंडी रेल लाईन का काम क्षेत्र में तीव्र गति से चल है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फास्ट टेक प्रोजेक्ट में शामिल इस रेल परियोजना के तहत राजगढ़ की जीवनदायिनी नेवज नदी पर बने रहे पश्चिम मध्य रेलवे के सबसे बड़े ब्रिज का निर्माण भी लगभग पूर्णता की ओर है।

1.2 किलोमीटर लंबाई वाले इस ब्रिज का निर्माण कर रही कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि इसी मार्च-2026 के अंत तक ब्रिज रेलवे के हैंडओवर कर दिया जाएगा जिसके उपरान्त पटरी बिछाने सहित अन्य कार्य आरंभ होंगे। आपको बता दें कि करीब 3 वर्ष पहले इस पुल का निर्माण कार्य आरंभ हुआ था। शुरूआती महीनों में काम अलबत्ता कछुआ गति से रेंग रहा था लेकिन बाद में कंपनी ने कार्य की गति बढ़ाई और यह ब्रिज आगामी दिनों में कम्प्लीट हो जाएगा। पहले पिलर से आखिरी पिलर तक यूं इस ब्रिज की लंबाई 1.2 किमी है लेकिन अगर एप्रोच इत्यादि का जिक्र करें तो ब्रिज की कुल लंबाई 1.45 किमी के लगभग है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में इस ब्रिज के निर्माण की पूर्णता अवधि अगस्त-2024 निर्धारित की गई थी जो अब जाकर तैयार हुआ है।

### 38 पिलरों पर खड़ा है यह भव्यतम ब्रिज

रेलवे मंत्रालय द्वारा इस विशाल ब्रिज के निर्माण का ठेका कोलकाता, पश्चिम बंगाल की मेसर्स राही इन्फ्राटेक लिमिटेड कंपनी को सौंपा गया था। कंपनी ने 38 पिलर पर इस ब्रिज को खड़ा किया है। एक ही पिलर की ऊंचाई भूतल से करीब 40 मीटर के करीब है।

### अन्य स्थानों पर भी बने रहे छोटे-बड़े पुल

करीब 276 किमी लंबाई वाली भोपाल-रामगंजमंडी रेल परियोजना के तहत इस ब्रिज के साथ ही विभिन्न स्थानों पर करीब 25 छोटे-बड़े अन्य ब्रिजों का निर्माण भी करवाया जा रहा है जिनके निर्माण का ठेका रेलवे ने ब्रिज कन्स्ट्रक्शन से जुड़ी अन्य एजेंसियों को सौंप रखा है। यह पुल न केवल इस परियोजना बल्कि पश्चिम मध्य-रेलवे का भी सबसे बड़ा पुल बताया जा रहा है।

### फैक्ट फाइल

- **परियोजना का नाम:** भोपाल-रामगंज मंडी रेलवे लाईन
- **ब्रिज की लागत:** 131 करोड़ 11 लाख
- **कौन बना रहा:** मे. राही इन्फ्राटेक लिमिटेड, कोलकाता
- **लंबाई:** 1.2 किमी
- **कितने पिलर हैं:** 38

### इनका कहना है

निर्माण की शुरूआत में काफी चुनौतियां थीं पर हमारी टीम ने इस बड़े प्रोजेक्ट को साकार कर दिखाया है। आगामी दो-तीन महीनों में हम ब्रिज को रेलवे के हैंडओवर कर देंगे।

**- सागर महाराणा, प्रोजेक्ट मेनेजर, राही इन्फ्राटेक लि., कोलकाता**

## ब्यावरा के खुशलपुरा फिल्टर प्लांट की सफाई शुरू

# सीएमओ की निगरानी में एक सप्ताह में कार्य होगा पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

नगरवासियों को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। सीएमओ नगरपालिका इकरार अहमद की निगरानी में खुशलपुरा फिल्टर प्लांट की व्यापक सफाई एवं रखरखाव कार्य की शुरुआत कर दी गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार से फिल्टर प्लांट में जमी गंदगी, सिल्ट तथा तकनीकी अवरोधों को हटाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है, ताकि जल शोधन प्रक्रिया और अधिक प्रभावी बन सके। नगर प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह पूरा कार्य एक सप्ताह के भीतर पूर्ण कर लिया जाएगा। सफाई कार्य के दौरान तकनीकी मानकों का विशेष ध्यान रखा जा रहा है, जिससे आने वाले समय में जल आपूर्ति में गुणवत्ता और निरंतरता बनी रहे। प्रशासन का कहना है कि इस पहल से क्षेत्र के नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित और निर्बाध पेयजल उपलब्ध होगा। नगरवासियों ने भी इस कार्य का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि फिल्टर प्लांट की नियमित निगरानी और सफाई से पानी की गुणवत्ता में स्थायी सुधार देखने को मिलेगा।



# महाराज ट्रॉफी फुटबॉल कप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुठालिया

नगर के पीलाखाल स्थित क्रिकेट ग्राउंड पर सुबह 10 बजे से महाराज ट्रॉफी फुटबॉल कप का प्रथम वर्ष का सफल आयोजन किया गया जिसमें राजावत क्लब एवं सुभाष क्लब के बीच या फाइनल खेला गया इसमें सुभाष विद्या निकेतन स्कूल क्लब विजेता रही जबकि राजावत क्लब उपविजेता रही दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया यहां उपस्थित छात्रों ने भी फुटबॉल खेल का आनंद लिया कुंवर प्रदीप सिंह परमार एवं समस्त समिति द्वारा संचालित किया गया।



# प्रशासन की बड़ी कार्रवाई लखनवास संचालित ऑयल प्लांट किया सील



हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनवास

तुमडिया गांव बड़ली पर अवैध गतिविधियों और नियमों के उल्लंघन के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाना शुरू किया है।

बुधवार को ब्यावरा एसडीएम गोविन्द दुबे के निर्देशन में राजस्व विभाग की टीम ने तुमडिया गांव बड़ली गिट्टी मशीन के पास स्थित एक पुराने टायर से तेल निकालने वाले वेस्ट ऑयल प्लांट पर छापेमारी कर उसे सील कर दिया।

जानकारी के अनुसार तहसीलदार दोजीराम अहिरवार ने अपनी टीम के साथ औचक निरीक्षण के लिए प्लांट पर दस्तक दी। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार ने प्लांट मैनेजर से संचालन से संबंधित अनुमति और आवश्यक दस्तावेज मांगे। लंबे समय तक इंतजार करने के बाद भी मैनेजर प्लांट से जुड़ा कोई भी वैध दस्तावेज पेश नहीं कर पाए।

## सारंगपुर विकास खंड के शासकीय स्कूलों की पढ़ाई भगवान भरोसे

# 11 बजे ऑनलाइन अटेंडेंस लेकर घर निकल जाते हैं शिक्षक, फिर 4 बजे पहुंचते हैं स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

सारंगपुर विकास खंड के शासकीय स्कूलों में शिक्षा का स्तर कागजों में सिमट रहा है शिक्षा व्यवस्था लगातार सवालों के घेरे में है कुछ विद्यालयों को छोड़ दिया जाय तो विकास खंड के अनेक ऐसे विद्यालय है जिसमें शिक्षक समय पर उपस्थित नहीं होते हैं, दिखावे के लिए स्कूल आकर नदारत हो जाते जिससे बच्चों की पढ़ाई गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है। स्थिति यह है कि कुछ शिक्षक सुबह 11 बजे ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराकर स्कूल से घर निकल जाते हैं और औपचारिकता निभाने के लिए शाम करीब 4 बजे पुनः विद्यालय पहुंच जाते हैं। कुछ शिक्षक तो मीटिंग या जानकारी का बहाना लेकर आते ही नहीं है ग्रामीण क्षेत्रों के कई सरकारी स्कूलों में शिक्षक नदारद रहने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। विद्यालय समय पर कैसे खुलते हैं, इसका भी बड़ा सवाल है इधर कक्षाओं में पढ़ाने वाले शिक्षक नहीं मिलते। बच्चे घंटों तक शिक्षकों का इंतजार करते रहते हैं। कई बार पूरा दिन बिना पढ़ाई के ही बच्चों को घर लौटना पड़ता है। स्थानीय अभिभावकों का कहना है कि सरकारी स्कूलों पर ही गरीब व मध्यम वर्गीय परिवारों के बच्चों का भविष्य निर्भर है, लेकिन जब शिक्षक ही नियमित रूप से स्कूल नहीं आएंगे तो बच्चों का भविष्य कैसे संवरेगा। शिक्षा विभाग द्वारा



### जन शिक्षक भी औपचारिकता निभा रहे हैं

स्कूलों के निरीक्षण करने के लिए जन शिक्षक नियुक्त है लेकिन वो भी औपचारिक निभा कर इति श्री कर रहे हे आवश्यकता है कि शिक्षा विभाग नियमित निरीक्षण करे, शिक्षकों की उपस्थिति की सख्ती से निगरानी हो और दोषी शिक्षकों पर कड़ी कार्रवाई की जाए, तभी बच्चों का भविष्य सुरक्षित किया जा सकता है। लगातार निर्देश दे रहे है

### इनका कहना है

अगर लापरवाही मिली तो नियमानुसार कार्यवाही होगी।

**सुरेश वीरमाल,** बीईओ सारंगपुर

# एबीवीपी ने युवा दिवस पर लगाया रक्तदान शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) नरसिंहगढ़ नगर इकाई द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। शिविर में लगभग 50 लोगों ने रक्तदान कर मानवता की सेवा की। उपस्थित चिकित्सकों ने एबीवीपी की पहल समाजहित में सराहनीय बताया। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अमन व्यास ने कहा कि युवा सप्ताह के अंतर्गत आयोजित इस शिविर का उद्देश्य युवाओं में सेवा और सामाजिक दायित्व की भावना को मजबूत करना है। प्रांत कार्यसमिति सदस्य चिराग शुक्ला ने युवाओं की सक्रिय भागीदारी को सामाजिक चेतना का प्रतीक बताया।

## संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आज होगा हिंदू सम्मेलन

**सारंगपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर आज सारंगपुर में भव्य हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन कृषि उपज मंडी परिसर, सारंगपुर में संपन्न होगा। सम्मेलन के अंतर्गत गुरुवार सुबह पंडितवाड़ी से कलश यात्रा एवं चल समारोह का शुभारंभ किया जाएगा, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए कृषि उपज मंडी पहुंचेगा। मंडी परिसर में गौ पूजन, वैदिक आहुति एवं मुख्य सभा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के समापन पर समरसता भोज भी आयोजित होगा, जिसमें सर्व समाज की सहभागिता रहेगी। बुधवार को वाहन रैली निकाली।

# नगर परिषद ने शिविर लगाकर जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए आवेदन प्राप्त किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का पात्र लोगों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश शासन द्वारा प्रदेश में संकल्प से समाधान अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी तारतम्य में नगर परिषद द्वारा नगर परिषद कर्मचारी वार्ड प्रभारी और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के दल बनाए जाकर नगर के वार्ड 1 से 15 तक डोर टू डोर सर्वे कर लोगों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान कर वंचित पात्र लोगों के आवेदन प्राप्त कर उनका निराकरण किया जा रहा है। नगर परिषद जीरापुर द्वारा किशनगढ़ चैक में वार्ड क्रमांक 1, 2 ,3 के शिविर में आवेदन प्राप्त किए गए इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिओम शर्मा , उपयंत्री ब्रजेश उपाध्याय, राधेश्याम दांगी, ओंकारलाल मंडलोई, कमल भावसार, जितेंद्र तिवारी, कृष्णकांत मुंदड़ा, प्रकाश कुशवाह, मनीष कौशिक, राहुल दांगी , मनोहर दांगी, नीरज मालवीय ,पटवारी जगदीश सिंह चौहान एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पुष्पा गुप्ता, तारा जोनवाल, दीपिका जुलानिया आदि उपस्थित रहे।



## रोजगार आयुक्त ने कलेक्टर और जिपं सीईओ को भेजा प्रशस्ति-पत्र

**राजगढ़।** गत दिवस जिले के सारंगपुर नगर में वृहद स्तर पर आयोजित हुए युवा संगम (रोजगार मेले) में देश की एक सैकड़ा से अधिक प्रतिष्ठित और जानी मानी कंपनियों ने शिरकत की थी। इन कंपनियों द्वारा जिले के 10 हजारों से अधिक बेरोजगार युवाओं को अपनी फैक्ट्री, कारखानों, दफ्तरों में विभिन्न पदों पर नौकरियां प्रदान की गई। इस युवा संगम में न केवल युवकों बल्कि कई युवतियों और महिलाओं को भी अहम पदों पर रोजगार पाईं। राजगढ़ जिले में पहली बार आयोजित हुए अपनी तरह के इस अलग ही आयोजन में हजारों बेरोजगारों को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने में माध्यम बने कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा एवं जिला पंचायत सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले को रोजगार आयुक्त श्री गिरीश शर्मा ने प्रशस्ति-पत्र प्रेषित किया है। आयुक्त शर्मा ने अधिकारीद्धय के नेतृत्व में किए गए प्रयासों को प्रेरणादायी बताते हुए भविष्य में इसी मनोयोग एवं ऊर्जा के साथ कार्य करने की अपेक्षा की है। उल्लेखनीय है कि इस युवा संगम में कई दिव्यांगजनों को भी विभिन्न पदों पर नौकरियां उपलब्ध करवाते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाया गया था।

## श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया षटतिला एकादशी पर्व

# खाटू श्याम मंदिर पर उमड़े श्रद्धालु निकली गई विशाल निशान यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

नगर के प्रसिद्ध श्री खाटू श्याम मंदिर में बुधवार को षटतिला एकादशी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। दिनभर मंदिर परिसर और आसपास का क्षेत्र बाबा श्याम के जयकारों से गूंजता रहा। पर्व को लेकर मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा व्यापक तैयारियां की गई थीं। बाबा श्याम का दिव्य श्रृंगार उज्जैन से मंगवाए गए 51 किलो ताजे फूलों से किया गया, जिसने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी रोशनियों, पुष्पमालाओं और पारंपरिक सजावट से भव्य रूप दिया गया था। ब्यावरा नगर सहित आसपास के गांवों, कस्बों और जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। दोपहर की आरती के समय मंदिर प्रांगण और आसपास के मार्ग श्रद्धालुओं से खचाखच भरे रहे।इस अवसर पर कई गांवों से भव्य निशान यात्राएं भी निकाली गईं।



# सीएम राइज के विद्यार्थियों ने किया वेदांता हॉस्पिटल का शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

गुरुवार को सीएम राइज विद्यालय प्रबंधन द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं स्वास्थ्य जागरूकता के उद्देश्य से वेदांता हॉस्पिटल का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को स्वास्थ्य सेवाओं, आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों एवं स्वच्छ जीवनशैली से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की गईं।

कार्यक्रम के दौरान वेदांता हॉस्पिटल की चिकित्सक डॉ. मिहिका त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, स्वच्छता, मानसिक स्वास्थ्य तथा रोगों से बचाव के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किशोरावस्था में सही खानपान, पर्याप्त नींद और सकारात्मक सोच स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को अस्पताल की विभिन्न इकाइयों, चिकित्सा उपकरणों एवं आपातकालीन सेवाओं की कार्यप्रणाली से भी अवगत कराया गया। विद्यार्थियों ने चिकित्सकीय सेवाओं को नजदीक से देखा और जिज्ञासाओं के समाधान हेतु प्रश्न भी पूछे, जिनका डॉ. त्रिपाठी द्वारा सरल एवं प्रभावी ढंग से उत्तर दिया गया। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने इस शैक्षणिक भ्रमण को विद्यार्थियों के लिए उपयोगी बताते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ती है तथा भविष्य में सही जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार द्वारा वेदांता हॉस्पिटल प्रबंधन एवं डॉ. मिहिका त्रिपाठी का आभार व्यक्त किया गया।



## खुजनेर में हुआ विराट हिंदू सम्मेलन समरसता भोज का आयोजन

# सनातन धर्म संस्कृति व मूल्यों की रक्षा करना हम सबका दायित्व : प्रांत प्रचारक





हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संघ शताब्दी वर्ष के अवसर पर खुजनेर नगर में विराट हिन्दू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया इस सम्मेलन में नगर के सकल हिन्दू समाज के हजारों नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की कार्यक्रम के अंतर्गत एक ऐतिहासिक व भव्य शोभायात्रा का आयोजन भी किया गया, जिसने पूरे नगर को धार्मिक और सांस्कृतिक भगवामय वातावरण से सराबोर कर दिया। शोभायात्रा झिरी वाले मंदिर से प्रारंभ होकर राजगढ़ चैराहा, शिवाजी बाजार, पुराने थाने मार्ग से होते हुए कार्यक्रम स्थल तक पहुँची शोभायात्रा के दौरान नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया शोभायात्रा में घोड़े, हाथी, ऊँट पर सवार वीर योद्धाओं के स्वरूप, छत्रपति शिवाजी महाराज, भगत सिंह, रानी लक्ष्मीबाई, श्रीराम-लक्ष्मण की झांकियाँ आकर्षण का केंद्र रहीं वहीं बड़ी संख्या में महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में कलश यात्रा में भाग लिया सम्मेलन के अवसर पर पूरा नगर बंद रहा नगर के सभी समाज प्रमुख एक मंच पर मौजूद रहे ।

### हिन्दू समाज का संगठित स्वरूप ही सभी समस्याओं का स्थाई समाधान

विराट हिन्दू सम्मेलन को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, मध्य भारत प्रांत के प्रांत प्रचारक विमल गुप्ता ने कहा कि हिन्दू समाज की बहन-बेटियों की सुरक्षा के लिए हिन्दू युवाओं को आगे आना होगा समाज में समरसता का भाव जागृत करना होगा तथा पर्यावरण स्वच्छता और संरक्षण को जीवन का हिस्सा बनाना होगा। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म की संस्कृति और मूल्यों की रक्षा करना हम सभी का दायित्व है । इस अवसर पर बाबा सत्यनारायण मौर्य महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिन्दू समाज का संगठित स्वरूप ही सभी समस्याओं का स्थायी समाधान है जब समाज एकजुट होकर कार्य करता है, तभी राष्ट्र और संस्कृति सशक्त होती है। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि बाबा सत्यनारायण मौर्य ने सम्मेलन के दौरान अपनी प्रदर्शनी का आयोजन किया।